रविवार
18 दिसम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



बक्सर, चौसा व ब्रह्मपुर में नगर निकाय चुनाव के तहत मतदान आज, तैयारी पूरी 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## नेत्रहीन टी-20 क्रिकेट में भारत वर्ल्ड चैंपियन



भारत ने बांग्लादेश को हरा नेत्रहीन टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट का खिताब जीत लिया है। शनिवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 120 रन से मात दी। भारत ने तीसरी बार वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। इससे पहले भारत ने 2012 और 2017 में ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप जीता था। इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम को बधाई दी है। खिताबी मुकाबले में भारत ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग। भारत ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट के नुकसान पर 277 रन बनाए। सुनील रमेश ने शतकीय पारी खेलते हुए 63 गेंद पर 136 रन बनाए। वहीं कप्तान अजय कुमार रेड्डी ने 50 गेंद पर 100 रन की पारी खेली। इन दोनों खिलाड़ियों ने तीसरे विकेट के लिए 247 रन की साझेदारी की। इससे पहले भारत ने 29 रन पर 2 विकेट खो दिए थे। जीत के लिए 278 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में 157 रन ही बना सकी। भारत की कसी गेंदबाजी के आगे बांग्लादेश के बल्लेबाज बेबस नजर आए।

**पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक:** भारत-बांग्लादेश सीमा व अंतरराज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा, तस्करी, घुसपैठ पर चर्चा

# केंद्र और राज्य के बीच समन्वय जरूरी: शाह

**एजेंसी/कोलकाता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे राज्य सरकारों से आह्वान किया कि सरकारें सीमा सुरक्षा बलों (बीएसएफ) का सहयोग करें, ताकि वे आधिक सक्रिय होकर काम कर सकें। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि अपराधों की जांच के लिए बीएसएफ के साथ सीमा वाले राज्यों की भी ही जिम्मेदारी समान है। कोलकाता में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। वहीं शाह ने बंगाल सरकार के इस तर्क को मानने से साफ इनकार कर दिया कि बीएसएफ की लापरवाही के कारण अवैध घुसपैठ और तस्करी जैसे अपराध हो रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि बीएसएफ के साथ राज्य सहयोग करें ताकि वह और अधिक सक्रिय हो सकें। बैठक में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अलावा



झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने हिस्सा लिया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक बैठक में शामिल नहीं हुए। ओडिशा से दो मंत्री और बिहार के वित्त मंत्री विजय चौधरी ने भाग लिया। बैठक में केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। करीब ढ़ाई घंटे चली बैठक में भारत- बांग्लादेश सीमा व अंतरराज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा, तस्करी, घुसपैठ, समेत संबंधित राज्यों के हितों व समस्याओं एवं यातायात जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। गृह मंत्री ने कहा, केंद्र सरकार आंतरिक सुरक्षा के मुद्दों को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों के बीच एक सहज समन्वय पर जोर दिया।

**शाह-ममता ने की अलग से बैठक:** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के बाद शाह ने ममता के साथ अलग से भी बैठक की। ममता के आमंत्रण पर शाह राज्य सचिवालय के 14वें तले पर स्थित मुख्यमंत्री के चेंबर में पहुंचे और बंद कमरे में दोनों के बीच करीब 20 मिनट तक बैठक चली। बैठक में किन मुद्दो पर बातचीत हुई यह तो खुलाना नहीं हो सका, लेकिन सूत्रों के अनुसार, इस दौरान राज्य-केंद्र संबंधों में सुधार और समन्वय बढ़ाने पर जोर देने के साथ प्रशासनिक मुद्दों पर दोनों में चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि ममता ने केंद्र के पास बकाया पैसे का भी मुद्दा उठाया।

### ममता बनर्जी व बीएसएफ अधिकारियों में बहसबाजी

ममता ने गृह मंत्री के सामने बीएसएफ की कार्यशैली पर सवाल उठाया कहा कि बीएसएफ कुछ जगह पर काफी सक्रिय है जबकि कहीं निष्क्रिय। बीएसएफ पर राज्य प्रशासन के कामकाज में भी दखल देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने बीएसएफ का सहयोग नहीं करने और इस कारण ग्रामीणों को परेशानी होने का मुद्दा उठाया। इस कारण समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। सूत्रों की मानें तो इन मुद्दों पर ममता और बीएसएफ अधिकारियों में थोड़ी बहस (नोंकझोंक) भी हुई। बैठक में बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) पंकज कुमार सिंह भी मौजूद थे। इससे पहले ममता ने बीएसएफ के दायरे को 15 किमी से बढ़ाकर 50 किमी करने का विरोध किया था।

## अपनी नाकामी छिपाने के लिए बीजेपी दूसरे मुद्दे उठाती है: अखिलेश

**लखनऊ।** बिलावल भुट्टो की पीएम मोदी पर विवादित टिप्पणी को लेकर बीजेपी के देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि अपनी नाकामी छिपाने के लिए बीजेपी वक्त वक्त पर पाकिस्तान, रंग और दूसरे मुद्दे उठाती है। अखिलेश यादव का इशारा बिलावल भुट्टो के विवादित बयान और फि ल्म 'पठान' में भगवा रंग की बिकनी को लेकर हो रहे विरोध की ओर है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा था, ओसामा बिन लादेन मर चुका है पर 'बुचर ऑफ गुजरात' ज़िंदा है। और वो भारत का प्रधानमंत्री है। इस बयान को लेकर बीजेपी ने आज देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। इसके पहले भारत सरकार ने भी इस बयान पर कड़ी आपत्ति जाहिर की और इसे निचले स्तर का बयान बताया था।

## बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की बैठक आज

**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा आज 18 दिसंबर को 2.00 बजे से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के बावत अहम बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह करेंगे। यह कार्यक्रम भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को लेकर राज्य से बूथ स्तर तक संचालित की जाएगी। जिसमें कांग्रेस के कार्यकर्तागण पंचायतों से लेकर प्रखंड और बूथ से लेकर जिला एवं राज्यस्तर पर पदयात्रा करेंगे।

## गया से दो कुख्यात नक्सली गिरफ्तार

**गया।** गया के बाराचट्टी से दो कुख्यात नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कुख्यात नक्सली के पास से एक अत्याधुनिक एके-56 राइफल , भारी मात्रा में डेटोनेटर और 97 पीस जिंदा कारतूस के अलावे नक्सली साहित्य और कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार कुख्यात नक्सलियों पर झारखंड में 5 लाख और बिहार में 10 लाख का इनाम रखा गया था। बिहार और झारखंड के दर्जनों जिलों में इनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

## नीतीश कुमार में इंसानियत नाम की कोई चीज नहीं बची: रविशंकर

**केटी न्यूज/पटना**

शराब माफिया प्रशासन के गठजोड़ पर लगाम लगाओ, पीड़ित परिवार को मुआवजा दो, अवैध दारू का धंधा बंद कराओ के नारों को लेकर नालंदा जिला भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में शनिवार को बिहारशरीफ के अस्पताल चौराहा पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पाक विदेश मंत्री बिलाबल भुट्टो का पुतला दहन किया गया।

इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नीतीश कुमार में इंसानियत नाम की कोई भी चीज नहीं बची है। क्योंकि छपरा-बेगूसराय शराबकांड में मरने वाले गरीब दलित अति पिछड़ा शामिल थे। नीतीश कुमार में इतनी नैतिकता नहीं बची है कि वह बिहार की गद्दी पर से इस्तीफा दें। बिहार की जनता को हम स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार को हम हराने का काम करेंगे और 2025 में भारतीय जनता पार्टी का बिहार में मुख्यमंत्री होगा। नीतीश कुमार में मरने वालों के प्रति जरा भी सहानुभूति नहीं दिखती है। वहीं पाक विदेश मंत्री के बारे में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिलावल भुट्टो शायद यह भूल गए थे कि जिस दिन वह नरेंद्र मोदी पर जुबानी हमला कर रहे थे। उसी दिन 1971 में पाकिस्तान टूट गया था और बांग्लादेश बना था।

### बीजेपी ने आरा में सरकार के खिलाफ निकाला मार्च

छपरा में हुए जहरीली शराब कांड को लेकर आरा में भारतीय जनता पार्टी ने बिहार सरकार के खिलाफ प्रोटेस्ट मार्च निकाला। इसमें बीजेपी कार्यकताओं ने शराब कांड को लेकर बिहार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। इस प्रदर्शन का नेतृत्व अमरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिस तरह के जहरीली शराब कांड हुई, वह सरकार के लिए बेहद ही खेद जताने वाली बात है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मरने वाले हर गरीब को सरकार से मुआवजा मिलना चाहिए और सरकार को पूरी तरह से शराबबंदी कानून को सख्त करना चाहिए।

## जहरीली शराब से हुई मौतों के आंकड़े छिपा रही सरकार: शाहनवाज

**पटना।** बीजेपी ने नीतीश सरकार पर बिहार में जहरीली शराब से हुई मौतों के आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया है। बीजेपी प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार में जहरीली शराब से मौतों का सिलसिला जारी है, लेकिन नीतीश कुमार का प्रशासन आंकड़ों को छिपाने में लगा हुआ है। पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने भी आरोप लगाया कि मृतकों की लाशों को जबरन जलाया जा रहा है। अस्पतालों में भी इलाज ठीक से नहीं मिल रहा है, नहीं तो कुछ लोगों की जान बच सकती थी। बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन ने शनिवार को कहा कि लोग गरीब और दलितों को मरते हुए देख रहे हैं। हम शराबबंदी के खिलाफ नहीं हैं लेकिन बिहार में दारू की होम डिलीवरी हो रही है, उसके खिलाफ हैं।

शाहनवाज ने आरोप लगाया कि बिहार में पुलिस शराब माफिया से मिली हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में शराब माफिया एक्टिव हैं। पुलिस और सत्ताधारी पार्टियां उनसे गठजोड़ करके फायदा उठा रही हैं। इस कारण शराबबंदी के बावजूद दारू की घर-घर डिलीवरी हो रही है।

## जीएसटी का भुगतान नही करने पर सीवान में छापेमारी

**केटी न्यूज/पटना**

सीवान के मैरवा में जीएसटी टैक्स का भुगतान नही करने पर सीवान के वाणिज्य कर विभाग की टीम ने दूसरे दिन वीआईपी ट्रेडिंग कंपनी में छापेमारी की है। टीम ने दुकान और गोदाम में रखे स्टॉक की जांच करने में जुटी हुई है वही नगर में तीसरे दिन छापेमारी की सूचना मिलते ही व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है।

**दुकान और गोदामों के स्टॉक की हो रही जांच:** बताया जा रहा है की कंपनी ने पिछले चार सालों में मात्र चार लाख ही टैक्स का भुगतान किया है। जिससे भारी मात्रा में अनियमितता होने की आशंका जाहिर होती है। राज्य कर सहायक आयुक्त अरविंद कुमार ने बताया की दुकान और सभी गोदामों के स्टॉक की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद स्टॉक और जीएसटी के पोर्टल से मिलान कराया जायेगा। तब फाइनल होगा कि कंपनी ने कितना टैक्स चुराया है। बताते चले कि वीआईपी ट्रेडिंग कंपनी ने जीएसटी टैक्स का भुगतान नही करने का मामला है। जिसे वाणिज्य कर विभाग की टीम ने जीएसटी पोर्टल को खंगालने के बाद इसका खुलासा हुआ। पोर्टल की जांच में गड़बड़ी की आशंका होने पर छापेमारी की कार्रवाई की गयी।

**शहर के अन्य बड़े कारोबारियों के खिलाफ हो सकती है करवाई:** जानकारी के अनुसार सीवान में करीब चार दर्जन से अधिक ऐसे कारोबारी व्यवसाई है जो जीएक्सटी जमा नहीं करते हैं उस पर विभाग की कड़ी नजर है। जिले के मैरवा में पिछले 3 दिनों से चल रही छापेमारी में अब तक टैक्स भुगतान समेत कई फाइल बरामद किए गए हैं। सभी फाइलों की जांच चल रही है।

# लोगों को डरा रही पुलिस: सम्राट

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के छपरा में जहरीली शराब से 73 लोगों की मौत हो चुकी है। जिसके बाद बिहार में हर-जगह इसी घटना को लेकर चर्चा की जा रही है। विपक्षी दल भाजपा द्वारा इस घटना को लेकर सड़क से लेकर सदन तक सरकार पर सवाल उठाया जा रहा है। अब भाजपा के बिहार विधान परिषद् के नेता विपक्ष सम्राट चौधरी ने सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि, बिहार में अब डाटा छुपाने का खेल चल रहा है। बिहार की पुलिस लोगों को डरा रही है। पुलिस के लोग कह रहे हैं कि, आप लोग बोलिए कि हमारे परिवार के लोग ठंडा से मरे तो हम मुआवजा देंगे। आप शराब की बात करेंगे तो आप पर भी प्राथमिकी दर्ज होगी।

बिहार विधान परिषद् के नेता विरोधी दल सम्राट चौधरी ने कहा कि, छपरा में पुलिस द्वारा लोगों को डराया जा रहा है। उच्च न्यायालय के सिटिंग जज यदि वहां जाएंगे और जांच करेंगे तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। हमलोग जब गए तो 53 लोगों के परिवार से मिलकर आए। यह आकड़ा हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। जिस कदर यह संख्या बढ़ रही है रात तक यह आकड़ा 100 के पास पहुंच जाएगी। इसके आलावा उन्होंने कहा कि, बिहार के मुख्यमंत्री मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं। इसलिए अब उनको आराम करना चाहिए। यहां बिहार के लोग मरे हैं कोई पाकिस्तानी नहीं। नीतीश कुमार की जिद्द के कारण बिहार में जहरीली शराब बन रही है। इसलिए सबसे पहले यदि किसी पर कार्रवाई होनी चाहिए तो वह बिहार के मुख्यमंत्री हैं।

### जहरीली शराब कांड मामले में सरकार पर हमला






- बिहार के मुख्यमंत्री मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं,उनको आराम करना चाहिए
- नीतीश कुमार की जिद्द के कारण बिहार में बन रही जहरीली शराब



# कम आयु के शिशुओं के लिए खतरनाक है बीटा थैलेसीमिया, नजरअंदाज ना करें

केटी न्यूज/बक्सर

- माता पिता के थैलेसीमिया से पीड़ित होने पर शिशुओं को ग्रसित होने की बढ़ जाती है संभावना
- गंभीर स्तिथि वाले मरीज को बोन मैरो ट्रांसप्लांट की दी जाती है सलाह
- उपचार न होने की स्थिति में कुपोषित होने की संभावना




एनीमिया या खून की कमी को लेकर आज जिले में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लेकिन, अभी भी लोगों में इसकी सम्पूर्ण जानकारी नहीं हो सकी है। यूं तो एनीमिया के काफी प्रकार हैं। लेकिन, बीटा थैलेसीमिया काफी खतरनाक है। जिसको कुली एनीमिया भी कहा जाता है, जो एक रक्त जनित रोग है जिसके कारण शरीर की कोशिकाओं में ऑक्सीजन को पहुंचना भी कम हो जाता है।

**तुरंत उपचार ना होने पर बढ़ने लगती है परेशानी :** बीटा थैलेसीमिया से ग्रसित व्यक्ति के शरीर का पीलापन, थकावट एवं कमजोरी का एहसास होना इसके प्राथमिक लक्षण होते हैं। तुरंत उपचार ना होने पर मरीज की परेशानी बढ़ने लगती है और उसके शरीर में खून के थक्के जमा होने लगते हैं। इस बीमारी से सबसे अधिक खतरा कम आयु के शिशुओं को है। इसकी उत्पत्ति मानव जीन में असामान्यता से होती है। यदि नवजात शिशु के माता पिता में से कोई भी थालेसेमिया से ग्रसित है, तो शिशु में भी यह रोग होने की 25 प्रतिशत सम्भावना होती है। यदि माता पिता दोनों इस रोग से ग्रसित है, तो शिशु में इसकी सम्भावना 50 प्रतिशत तक होती है। वहीं, कोई शिशु बीटा थैलेसेमिया से ग्रसित होता है, तो उसमें एनीमिया के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। जिसके कारण उम्र के अनुपात में शिशु का वजन व लंबाई कम होती है। वहीं, उपचार न होने की स्थिति में वह कुपोषण का शिकार होता है। कुछ मरीजों को तो समय समय पर खून चढ़ाने की जरुरत होती है। ऐसा लंबे समय तक चलने से मरीज के लीवर, हृदय व हार्मोन में जटिलताएं होने लगती हैं।

## अनुवांशिक होता है बीटा थैलेसीमिया

बीटा थैलेसेमिया से पीड़ित व्यक्ति की जांच के उपरांत उपचार किया जाता है। मरीज के शरीर में रक्ताल्पता के स्तर के अनुसार इलाज बताया जाता है और एनीमिया की स्तिथि गंभीर होने पर उन्हें खून चढ़ाने की सलाह दी जाती है। स्तिथि गंभीर ना हो इसके लिए मरीज को दवा खाने की सलाह दी जाती है एवं अत्याधिक गंभीर स्तिथि वाले मरीज को मज्जा प्रतिरोपण (बोन मैरो ट्रांसप्लांट) की सलाह दी जाती है। बीटा थैलेसेमिया मूलतः अनुवांशिक होता है। इसलिए पति पत्नी को शिशु के बारे में सोचने के समय पूरा रक्त जांच करवाना चाहिए। जिससे आने वाले समय में किसी भी तरह के जटिलता से बचा जा सके। थैलेसेमिया का उपचार उसके प्रकार को देख कर होता है और एनीमिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सीय परामर्श लें व नजरअंदाज बिलकुल न करें।

**बीटा थैलेसेमिया से ग्रसित शिशु या व्यक्ति में ये प्रारंभिक लक्षण नजर आते हैं :**

- शरीर एवं आंखों का पीलापन
- पीलिया से ग्रसित होना
- स्वभाव में चिड़चिड़ापन
- भूख न लगना
- थकावट एवं कमजोरी का महसूस होना
- लगातार बीमार रहना
- वजन ना बढ़ना

## खबरें फटाफट

### ट्रेन से गिरने से अज्ञात युवक की मौत, पहचान नहीं

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन और जमीरा हाल्ट के बीच शनिवार की दोपहर ट्रेन से गिर एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। घटना को लेकर देर तक अफरातफरी मची रही। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर रेल पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस मृत युवक की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस के अनुसार युवक की मौत किसी चलती ट्रेन से गिर कर गंभीर रूप से जख्मी होने और क्षत-विक्षत हो जाने के कारण होना प्रतीत होता है।

### कीटनाशक खाने से किशोरी की हालत बिगड़ी

**आरा।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के अचरज लाल के टोला गांव में शनिवार की दोपहर एक किशोरी ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। उससे उसकी हालत बिगड़ गयी। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। किशोरी अचरज लाल के टोला गांव निवासी मुन्नी कुमारी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर उसके घर के सभी लोग अपने काम में व्यस्त थे। तभी किशोरी ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। उससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। उसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। किशोरी ने कीटनाशक का सेवन करने कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### पांच साल से लापता अधेड़ की अब तक कोई जानकारी नहीं

**आरा।** जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के पकड़ियावर गांव निवासी लापता अधेड़ पांच साल भी घर नहीं लौट सका है। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। परिजन और पुलिस भी अब उनको अब तक खोज नहीं सके हैं। इसे लेकर गजराजगंज ओपी की पुलिस द्वारा सीआईजी प्रकाशन का प्रस्ताव भेजा गया है। लापता अधेड़ पकड़ियावर गांव निवासी स्व.सिद्धनाथ सिंह के 56 वर्षीय पुत्र रामजी सिंह हैं। पुलिस के अनुसार वह 29 नवंबर 2017 को मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे। लेकिन उसके बाद से वह अपने घर नहीं लौट सके हैं। उसे लेकर गजराजगंज ओपी में 14 दिसंबर 2017 को उनकी गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। तब से उनकी तलाश की जा रही है। बावजूद उनका कहीं पता नहीं चल पाया है।

**मौत का सफर: भोजपुर के गीधा ओपी क्षेत्र के ज्ञानपुर बांध पर हुई सड़क दुर्घटना**

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को मारी टक्कर, एक की मौत

- वाहन की ठोकर से बाइक सहित बांध से नीचे गिरे दोनों दोस्त
- इलाज के दौरान सदर अस्पताल में शनिवार की सुबह युवक ने तोड़ा दम
- परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

केटी न्यूज/आरा



अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे परिजन व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो



अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए पहुंची मृतक के परिवार की महिलाएं

जिले के गीधा ओपी क्षेत्र के ज्ञानपुर बांध पर शुक्रवार की रात किसी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को जोरदार ठोकर मार दी। उसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा जख्मी हो गया।

मृत युवक गीधा ओपी क्षेत्र के कायमनगर गांव निवासी अवध बिहारी का 17 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार कुमार था। जख्मी उसी गांव के नागेंद्र साह का 10 वर्षीय पुत्र कल्लू कुमार शामिल है। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत कमलेश कुमार के भाई अजय ने बताया कि शुक्रवार की रात दोनों दोस्त बाइक से ज्ञानपुर गांव की ओर जा रहे थे। उसी दौरान ज्ञानपुर बांध पर पीछे से आ रही किसी वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। उससे दोनों बाइक सहित बांध से गिर पड़े और जख्मी हो गए। उसमें गंभीर रूप से कमलेश कुमार को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। इस बीच शनिवार की सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं कल्लू कुमार का इलाज कराया जा रहा है। मौत की सूचना पर टाउन थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## सात माह पहले हुई थी शादी, पुष्पा का उजड़ा सुहाग

कमलेश कुमार की शादी इसी साल 22 मई को नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला निवासी पुष्पा देवी के साथ हुई थी। ऐसे में शादी के सिर्फ सात माह बाद पुष्पा देवी का सुहाग उजड़ गया। उसकी सारी खुशियां छीन गयी। पति के वियोग में उसका रो-रोकर बुरा हाल था। जानकारी के अनुसार कमलेश अपने तीन भाई और दो बहनों में मांझिल था। उसके परिवार में मां देवांती देवी, पत्नी पुष्पा देवी, भाई अजय, रवि किशन, बहन सुनीता और पुनीता है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मौत के बाद पत्नी पुष्पा देवी और मां देवांती देवी सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## हेरोइन, गांजा और नगदी के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा रामनगर में छापेमारी कर से पुलिस द्वारा हेरोईन, गांजा और नगदी के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। वह चंदवा रामनगर निवासी गुप्तेश्वर नाथ उपाध्याय है। उसके पास से करीब ढाई ग्राम हेरोईन, 50 ग्राम गांजा, 40 हजार रुपए नगद और एक चिलम बरामद किया गया है। इसे लेकर गिरफ्तार धंधेबाज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इधर, जानकारी के अनुसार नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह को शुक्रवार की शाम रामनगर चंदवा निवासी गुप्तेश्वर नाथ उपाध्याय द्वारा हेरोईन की डील किये जाने की सूचना मिली। उस आधार पर टीम द्वारा छापेमारी कर उसको गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से पुड़िया में हेरोईन, गांजा, नगदी, एक चिलम और एक मोबाइल बरामद किया गया।

## बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने व सही मार्गदर्शन के लिए शिक्षकों के साथ माता-पिता भी हों सहज: डीडीसी

केटी न्यूज/जहानाबाद




कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण

जिले के लब्ध प्रतिष्ठित मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दक्षिणी के परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी सह व्यंजन मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन श्री परितोष कुमार डीडीसी जहानाबाद ने किया अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है जरूरत है बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने की इसके लिए उनके उज्जवल भविष्य एवं सही मार्गदर्शन के लिए शिक्षकों के साथ माता-पिता को भी सहज होना पड़ेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा इस स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट एवं मॉडल के माध्यम से विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों की समझ छात्रों के सहयोग एवं इनकी क्षमता देखने से प्रतीत होता है कि यहां के शिक्षकों ने प्रदर्शनी में उत्कृष्ट मार्गदर्शन किए हैं। विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों का अवलोकन एवं निरीक्षण के बाद उन्होंने प्रदर्शनी में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन डॉ. अरुण कुमार सिन्हा ने किया अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने कहा कि भारत के प्राचीन गौरव को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है इसके लिए देशभर के स्कूलों में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करने की व्यवस्था हो ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्रों को इसका लाभ मिल सके इससे बच्चों में रुचि बढ़ेगी क्रिएटिव थिंकिंग का भी विकास होगा। मौके पर बैजनाथ शर्मा पूर्व जिला माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष, रणधीर कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार, अनुराग कुमार, उज्जवल कुमार, रंगनाथ कश्यप, प्रवीण शंकर, योगेंद्र कुमार, रवि कुमार, योगेंद्र शर्मा, संजय कुमार अन्य मौजूद रहें।

## खेत में रखी मिट्टी ले जाने के विवाद में दंपती समेत पांच की पिटाई

**आरा।** बिहिया थाना क्षेत्र के ओसाईगंज गांव में शनिवार की दोपहर खेत से मिट्टी ले जाने के विवाद में दंपती समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। उसमें सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में ओसाईं गंज गांव निवासी भरत यादव, उनकी पत्नी धर्मशीला देवी, पुत्री प्रिया कुमारी, रिंकी कुमारी व एक पुत्र अभिषेक यादव शामिल है। जख्मी धर्मशीला देवी ने बताया कि उनके गांव में ही नाली बनाने के दौरान मिट्टी की कटाई की गयी थी। मजदूरों द्वारा मिट्टी गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में फेंक दी गयी थी। शनिवार की दोपहर उनका पुत्र और दोनों बेटियां उसी मिट्टी को लाने गयी थी। तभी खेत का मालिक अपने अन्य साथियों के साथ वहां आ धमका और लाठी-डंडों से उन तीनों की पिटाई करने लगा। सूचना पर पति-पत्नी बीच-बचाव करने गये, तो उन दोनों की भी पिटाई कर दी गयी। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए बिहिया पीएचसी फिर आरा सदर अस्पताल लाया गया।

## एक नजर

### जहानाबाद में चुनाव की तैयारी पूरी, मतदान आज




**जहानाबाद।** जिले में 18 दिसंबर को होने वाले नगरपालिका आम निर्वाचन हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करने के लिए जिलाधिकारी श्री रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक श्री दीपक रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में एस.एस.कॉलेज, जहानाबाद, मध्य विद्यालय काको, उच्च विद्यालय घोषी एवं उच्च विद्यालय मखदुमपुर में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पीसीसीपी को आवश्यक निर्देश दिया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी पंचायत ने बताया कि नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 के सफल संचालन हेतु नगर परिषद, जहानाबाद में 15, नगर पंचायत मखदुमपुर में 6, नगर पंचायत काको में 4 एवं नगर पंचायत घोषी में 5 सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि नगर परिषद, जहानाबाद हेतु 4, नगर पंचायत मखदुमपुर हेतु 02, नगर पंचायत काको हेतु 02 एवं नगर पंचायत घोषी हेतु 02 जोनल दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बताया गया कि जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र के लिए श्री भानू प्रकाश, बंदोबस्त पदाधिकारी, अररिया प्रेक्षक है, जिनका मोबाईल नंबर 8544423763 है। श्री दीपक चंद्र देव, उप निदेशक, जन सम्पर्क, मगध प्रमंडल, गया काको नगर पंचायत क्षेत्र के लिए प्रेक्षक है, जिनका मोबाईल नंबर 7979916828 है। वहीं श्री सुजीत भूषण सहाय, उप निदेशक, कल्याण, मगध प्रमंडल, गया मखदुमपुर नगर पंचायत क्षेत्र के लिए प्रेक्षक है, जिनका मोबाईल नंबर 9905860490 है तथा श्री शाहिद परवेज, उप सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार को घोषी नगर पंचायत क्षेत्र के लिए प्रेक्षक है, जिनका मोबाईल नंबर 9473001549 है। मतदान दिवस पर जिला सूचना संग्रहण केंद्र सह नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष संख्या 06114-223013 है। इसके साथ ही संबंधित नगर क्षेत्र के प्रखंड में भी प्रखंड नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### छपरा में शराब पीने से 60 से अधिक लोगों की मौत के जिम्मेवार सीएम दें इस्तीफा : सुरेश



**जहानाबाद।** बिहार में जहरीली शराब के कारण लगातार सिलावार तरीके से आम लोगों की मौत एवं नीतीश कुमार के असंवेदनशील रवैया और शराब -माफिया प्रशासन गठजोड़ के खिलाफ जहानाबाद अस्पताल मोड़ पर पैदल मार्च एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि बिहार में जहरीली शराब पीने से हो रही लगातार मौत के ज़िम्मेदार मौजूदा सरकार के मुखिया नीतीश कुमार जी, ना जाने और कितनी हत्याओं का पाप लेंगे? मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों में जहरीली शराब से हो रही मौतों पर मौन साधे हुए सत्ता के नशे में मगरुर है । भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि सदन में राज्य सरकार शराबबंदी और छपरा में हुई मौतों पर जवाब देने के लिए तैयार नहीं है और लगातार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। मुख्यमंत्री जी को जहरीली शराब से होने वाली मौतों से कोई फर्क नही पड़ रहा है। सरकारी तंत्र की संलिप्तता से ही बिहार में शराब माफिया सक्रिय हैं और धड़ल्ले से शराब का व्यापार चल रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि छपरा में 60 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है ,फिर भी मुख्यमंत्री चुप है। अगर बिहार नहीं संभल रहा है तो मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

### शिविर में पांच लोगों ने किया रक्तदान



**जहानाबाद।** सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में शनिवार को रक्तसेवा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 के पूर्व सद ब्लड बैंक जहानाबाद में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मतदाता जागरूकता आयोजित रक्तदान शिविर में पांच लोगों ने रक्तदान किया। अधिवक्ता वेदप्रकाश, शिक्षक अवनीश कुमार, डिम्पी कुमारी, स्मृति कुमारी, छात्र अमन कौशिक ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक में पूर्व से मात्र पांच यूनिट रक्त उपलब्ध था शिविर के बाद दस यूनिट रक्त हो गया। इस अवसर पर उपस्थित निर्वाचन आईकॉन अमित कुमार के द्वारा लोगो से अपील भी किया गया कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही साथ भय मुक्त होकर अपना वोट जरूर करें। डरने की कोई बात नहीं है, जिला प्रशासन साथ है। रक्तसेवा अध्यक्ष रजनीश कुमार बिकु ने बताया कि कोई भी स्वस्थ वयस्क व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। वही हर नागरिक को मतदान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अमर कुमार की देखरेख में लैब टेक्नीशियन विनोद कुमार, रितेश कुमार ने रक्त संग्रहित किया।

# शिक्षित समाज बनाने में निजी विद्यालयों की भूमिका सराहनीय: डीडीसी

- नाटक के माध्यम से बेटियों ने किया समाज की कुरीतियों पर प्रहार

केटी न्यूज/डुमरांव



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं

शनिवार को पुराना भोजपुर स्थित संत जोसेफ गर्ल्स हाई स्कूल ने वार्षिकोत्सव उत्सवी माहौल में मनाया। आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी डॉक्टर महेंद्र पाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा के विकास ने समाज में बेटियों के प्रति मानसिकता को बदला है। लोगों के मानसिकता में बदलाव लाया है। बेटियों को न सिर्फ उचित स्थान मिला है। बल्कि इस मौके का लाभ उठाते हुए बेटियों ने उच्च शिखर छूने में कोई कोर कसर नहीं बाकी थोड़ी है। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने प्रेयर डांस वेलकम सोंग एक्शन डांस रेनबो स्टोरी फैंसी ड्रेस फोल्क डांस और कव्वाली जैसे कार्यक्रम का आयोजन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने जल जीवन हरियाली जैसे जटिल विषय पर मूक नाटिका का भावपूर्ण प्रस्तुति किया। कलाकार छात्राओं ने ने मुंह से बिना एक शब्द कहे अपने इशारे और भाव भंगिमा से पर्यावरण के खतरा तथा पौधारोपण के महत्व के अलावे बारिश और पानी की कमी की समस्या तथा इसका कृषि पर पढ़ता प्रतिकूल प्रभाव को बखूबी रेखांकित कर उपस्थित लोगों को दंग कर दिया। बेटियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटिका की काफी जीवंत प्रस्तुति की। छात्राओं ने भ्रूण हत्या तथा बेटियों के साथ हो रहे भेदभाव और अंत में लाचार मां बाप की सेवा में बेटियों के साहसिक भागीदारी का वर्णन नाटक के माध्यम से किया। वहीं बच्चों पर पड़ रहे सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव तथा उससे होने वाले नुकसान पर नाटक का मंचन कर बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सीख दी गई। इससे पूर्व विद्यालय के प्राचार्य सिस्टर करुणा ने वेलकम स्पीच दिया जबकि मिस पुनीता ने स्कूल का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति विकास ने समाज मैं बेटियों के प्रति मानसिकता को बदली है। बेटियों को न सिर्फ उचित स्थान मिला है। बल्कि इस मौके का लाभ उठाते हुए बेटियों ने उच्च शिखर छूने में कोई कोर कसर नहीं बाकी थोड़ी है। इस मौके पर मुख्य रूप से बिशप विलियम डिसूजा फादर फ्रांसिस फादर विकास सिस्टर करूणा सिस्टर शालिनी सिस्टर क्लेरिस शिक्षक संजय कुमार सिंह विनोद यादव दिनेश तिवारी संजय सिंह नागेश्वर यादव सुनील सिन्हा सुनीता सुनीता अंजू आदि के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा तथा अभिभावक मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### दो दिन पूर्व चोरी हुई बाइक बरामद

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के मणियां गांव के सीमावर्ती क्षेत्र से दो दिन पूर्व बरामद हुई बाइक चोरी की निकली है। इसकी जानकारी सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने दिया है। उन्होंने बताया कि बरामद बाइक की चोरी पूर्व में हुई थी। उक्त बाइक चौगाई गांव के एक युवक की है। जिसकी सूचना बाइक ऑनर को दे दी गई है। बता दें कि दो दिन पूर्व मणियां गांव के सीमावर्ती क्षेत्र से लावारिश हालत में एक बाइक को पुलिस ने बरामद किया था। जिसमें बाइक के दोनों चक्का एवं बैट्री गायब थी। बाइक बरामद करने के बाद पुलिस उसकी जांच में जुट गई थी। संपर्क के दौरान मुरार थानाध्यक्ष ने बरामद बाइक की नम्बर का मिलान कर इस बाइक को चोरी की होने की जानकारी दी। बाइक बरामद करने के बाद पुलिस अब बाइक चुराने वाले की पड़ताल में जुट गई है।

### पशुपालकों के बीच बोनस वितरित

**राजपुर।** शनिवार को अकोढ़ी गांव के सामुदायिक भवन परिसर में दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के द्वारा दुग्ध उत्पादक सदस्यों के बीच बोनस का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डुमराव के प्रभारी राजवीर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रामावतार सिंह मौजूद थे। वही समिति के सचिव रविंद्र सिंह के द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17, 17-18 एवं 18-19 के बोनस का वितरण किया गया। मौके पशुपालक रामावती देवी, रामाशीष सिंह, हरिंदर यादव, रामलाल सिंह, गुप्तेश्वर सेठ सहित कुल 83 पशुपालकों के बीच बोनस का वितरण किया गया। इस दौरान सुधा डेयरी के क्षेत्रीय सुपरवाइजर राजेश कुमार समेत कई अन्य मौजूद थे।

### मामूली बात पर भिड़े दो पक्ष, 10 जख्मी

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के बनकट गांव में मामूली बात पर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई है। जिसमें एक ही पक्ष के दस लोग जख्मी हो गए है। जख्मियों का इलाज डुमरांव स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया है। जख्मियों में लालजी सिंह को गंभीर चोटें आई है। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। इस मामले में जख्मी के बयान पर रंग बहादुर पासवान और विनोद पासवान सहित कुल 14 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### एटीएम, आधार एवं ओटीपी न करें शेयर

**नावानगर।** कड़सर में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के बैनर तले विशेष वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को बैंक से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही मोबाइल के माध्यम फ्राड कर बैंक खाता से रुपए गायब होने पर लोगों को सावधानी रहने के लिए जागरुक किया गया। जिला के वित्तीय साक्षरता सलाहकार अमित कुमार वर्मा ने लोगों को बताया कि साइबर क्राइम करने वालों की कॉल आने पर उनकी झांसा में नहीं आए। अन्यथा आपके खाता से रुपए गायब हो जाएंगे। उन्होंने लोगों से कहा कि एटीएम कार्ड संख्या, आधार कार्ड नम्बर, ओटीपी समेत अन्य बैंक संबंधित जानकारी किसी के साथ शेयर नहीं करें।

# रविकांत एकादश को आठ विकेट से हरा सेमीफाइनल में पहुंची रांची

**शहीद रविकांत सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता**

केटी न्यूज/डुमरांव

शहीद आईपीएस रविकांत मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल मैच डुमरांव के क्रिकेट प्रेमियों का दिल तोड़नेवाला रहा। शनिवार को डुमरांव के ऐतिहासिक राज हाइस्कूल मैदान पर खेले गए इस मैच में रांची ने मेजबान रविकांत एकादश को एकतरफा अंदाज में आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रांची के कप्तान ने टॉस जीतते हुए पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रांची की कसी गेंदबाजी के आगे रविकांत एकादश के बैट्समैन दबाव में नजर आए। इसी का नतीजा रहा कि पूरी टीम 20वें ओवर में 115 रनों पर ही ढेर हो गई। रविकांत की तरफ से रजनीश ने सर्वाधिक 29 रन और नवनीत झा ने 27 रन बनाए।



रविकांत एकादश और रांची के बीच मैच का नजारा।

**नहीं चले निखिल:** पहले मैच में रविकांत एकादश की ओर से शानदार बैटिंग का नजारा पेश करने वाले बैट्समैन निखिल का बल्ला इस मैच में खामोश रहा। इसी का नतीजा रहा कि टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। रविकांत एकादश की टीम ने एक समय महज 31 रनों पर चार विकेट गवां दिया था। इसके बाद कुमार रजनीश और नवनीत झा ने 61 रनों की मजबूत साझेदारी कर टीम को बेहतर स्थिति में ला दिया था। ऐसा लग रहा था कि टीम बड़ा स्कोर खड़ा करेगी लेकिन नवनीत के आउट होने के बाद पूरी टीम महज 115 रनों पर सिमट गई। नवनीत के आउट होने के बाद कोई रविकांत एकादश का कोई बल्लेबाज विकेट पर नहीं टिक सका। एक-के-बाद एक-एक कर विकेट का पतन होता रहा। मैच के अंतिम समय में बैटिंग करने उतरे ऑलराउंडर अक्षय पांच रन बनाकर नाबाद रहे। इस पूरे मैच में रविकांत एकादश के केवल तीन बल्लेबाज ही दहाईं का आंकड़ा छू सके। रांची की तरफ से गौरव और रोहित ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट और शैलेन्द्र व दानिश ने दो-दो विकेट चटकाए।



मैन ऑफ द मैच दीपू को सम्मानित करते अतिथि।

115 रनों का पीछा करने उतरी रांची की टीम 14 वें ओवर में ही दो विकेट खो लक्ष्य हासिल कर लिया। रांची की तरफ से दीपू ने नाबाद 70 रन और सनी सचिन तिवारी ने 28 रन की पारी खेली। रविकांत की तरफ से पवन और अक्षय ने एक-एक विकेट चटकाया। दीपू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इससे पहले मैच का उद्घाटन डॉ राजेश कुमार, स्वयंशक्ति के धीरज कुमार मिश्र, सुमित गुप्ता, विकास ठाकुर, अविनाश त्रिपाठी बप्पी ने सम्मिलित रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच के दौरान हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

### मुजफ्फपुर और रांची के बीच सेमीफाइनल आज

रविवार को रविकांत मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच मुजफ्फरपुर और रांची के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों ने अब तक खेले अपने-अपने मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। हालांकि प्रदर्शन के आधार पर रांची का पलड़ा भारी है। बता दें कि इस प्रतियोगिता के उदघाटन मुकाबले में मुजफ्फरपुर की टीम ने गया को 52 रनों से जबकि शनिवार को मेजबान रविकांत एकादश को रांची की टीम को आठ विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया है। आयोजन समिति के संजय शर्मा ने बताया कि रविवार का दिन और सेमीफाइनल होने के कारण बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहेंगे।

### बक्सर, चौसा व ब्रह्मपुर में नगर निकाय चुनाव के तहत मतदान आज, तैयारी पूरी

# बक्सर नप चेयरमैन व उप चेयरमैन के भाग्य का आज फैसला करेंगे 1.15 लाख मतदाता

- बक्सर के कुल 42 वार्डों के लिए बनाए गए 136 मतदान केंद्र
- सफल मतदान के लिए तैनात रहेगी पुलिस

केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर नगर परिषद का बहुप्रतीक्षित चुनाव आज होगा। कुल 1 लाख 14 हजार 399 मतदाता चेयरमैन उप चेयरमैन तथा वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 60 हजार 363 है। जबकि महिला मतदाता 54 हजार 35 हैं। बक्सर नगर निकाय चुनाव में एकमात्र थर्ड जेंडर मतदाता भी प्रत्याशियों के भाग्य का विधाता होगा। प्रशासन द्वारा मतदान शांतिपूर्ण कराने के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। कुल 42 वार्डों के लिए कुल 136 मतदान केंद्र बनाये गये है। जिसमें मूल मतदान केंद्र की संख्या 42 और सहायक मतदान केंद्र की संख्या 94 है। नप चेयरमैन पद के लिए कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उप चेयरमैन के लिए कुल 11 प्रत्याशी और वार्ड पार्षद के लिए कुल 242 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। शनिवार को निकाय चुनाव के सभी प्रत्याशी खास मतदाताओं से जनसंपर्क तथा बूथ मैनेजमेंट में लगे रहे। प्रत्याशियों ने अपने खास समर्थकों को अलग-अलग बूथों पर जिम्मेदारी तथा मतदान प्रक्रिया पर निगरानी के लिए तैनात किया है।



मतदान केंद्र पर पहुंच जानकारी लेते डीएम व एसपी

**चौसा नगर पंचायत 15 हजार 28 मतदाता 21 बूथों पर डालेंगे वोट :** चौसा नगर पंचायत के लिए प्रथम चरण में 18 दिसंबर को मतदान होगा। होने वाले चुनाव में मुख्य पार्षद के लिए 15 उप मुख्य पार्षद के लिए 10 और वार्ड पार्षद के लिए 84 प्रत्याशी चुनावी महासंग्राम में जीत का दावा कर रहे है। सभी 109 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला कुल 15 हजार 26 मतदाता रविवार को करेंगे। चौसा नगर पंचायत के चुनाव के लिए कुल 21 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। 14 वार्डों के लिए होने वाले चुनाव में पुरुष मतदाता की संख्या 7886 है। जबकि महिला मतदाता की संख्या 7141 है। बक्सर नगर की तरह चौसा में भी एक थर्ड जेंडर मतदाता है। वह भी चेयरमैन उप चेयरमैन तथा वार्ड पार्षद के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**ब्रह्मपुर में पहली बार मतदाता डालेंगे निकाय चुनाव के लिए वोट :** ब्रह्मपुर में पहली बार नगर पंचायत चुनाव के लिए प्रचार प्रसार थमने के बाद प्रत्याशी मतदाताओं के मिजाज के आकलन में लगे है। रविवार को होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशी पूरे दिन बूथ मैनेजमेंट तथा चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे रहे। नगर पंचायत ब्रह्मपुर के मुख्य पार्षद के लिए कुल छ उम्मीदवार मैदान में है। वही उप मुख्य पार्षद के लिए कुल तेरह प्रत्यासी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे है। कुल मतदाता की बात करे तो 13378 है। जिनमे पुरुष मतदाताओं की संख्या 7045 और महिला मतदाताओं की संख्या 6333 है।

### शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सील की गई सीमाएं

रविवार को नगर निकाय चुनाव के अंतर्गत होने वाले मतदान को लेकर जिले की चार अंतर जिला एवं चार अंतरराज्यीय सीमाओं को सील कर दिया गया है। मतदान के पश्चात सीमाओं को पुनः खोला जाएगा। मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था के बेहतर संधारण के लिए 12 सौ अतिरिक्त बल मंगवाए गए है। सीमावर्ती प्रदेश के बलिया तथा गाजीपुर जिले के साथ-साथ अन्य सीमावर्ती जिलों के डीएम तथा एसपी से बक्सर के डीएम तथा एसपी ने बातचीत की। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए हैं। पूरे शहरी क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। जगह-जगह मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। बक्सर के अलावे चौसा तथा ब्रह्मपुर में होने जा रहे हैं नगर निकाय चुनाव के लिए सुरक्षा के तगड़े प्रबंध किए गए हैं।

## हाईकोर्ट के आदेश पर नेनुआ गांव के पोखरा से हटाया गया अतिक्रमण



अतिक्रमण हटवाती डुमरांव सीओ व अन्य

केटी न्यूज / डुमरांव

आखिरकार हाईकोर्ट के आदेश पर डुमरांव में भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। शनिवार को अंचल पदाधिकारी अंकिता सिंह स्थानीय अंचल के नेनुआ गांव में पहुंची। उन्होंने गांव स्थित पोखरा की जमीन पर अतिक्रमण करके बसे लोगों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की। राजस्व कर्मचारी द्वारा चिन्हित किए गए कुल 32 अतिक्रमणकारियों की जमीन का मापी कराया गया। अतिक्रमण वाले जमीन की मापी करने के बाद सीओ अंकिता सिंह स्पष्ट कर दिया कि मापी के दायरे में आने वाले लोगों को जमीन खाली करना होगा। उनके इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए 14 लोगों ने तत्काल अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया स्वयं शुरू कर दी। 13 लोगों ने उक्त जमीन पर अंचल कार्यालय से प्राप्त बासगीत पर्चा अंचल पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। सीओ ने पर्चा धारियों को तत्काल मोहलत देते हुए कहा है कि अगले आदेश तक भी अपने जगह पर बने रहेंगे। जबकि तीन लोगों ने रैयती जमीन में अपना मकान होने की बात कही है। रैयती जमीन का मापी कराने को कहा गया है। नेनुआ गांव में पोखरा के किनारे पर फूस की झोपड़ी नाद चरन आदि के सहारे सरकारी जमीन का अस्थाई अतिक्रमण किया गया है। हाई कोर्ट के निर्देश के आलोक में जल संचय केंद्रों पर अतिक्रमण मामले में उक्त लोगों को पहले से ही चिन्हित किया गया है। चिन्हित किए गए लोगों को तत्काल अतिक्रमण हटाने को निर्देश दिया गया है। अंचल पदाधिकारी अंकिता सिंह ने कहा है कि बहुत जल्द नेनुआ गांव अतिक्रमण से मुक्त होगा।

## शॉर्ट सर्किट से झोपड़ीनुमा घर में लगी आग, लाखों की संपत्ति राख

केटी न्यूज/नावानगर

सोनवर्षा ओपी के सलासला गांव में शनिवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। जिससे घर में रखे लाखों की संपत्ति जलकर बर्बाद हो गई। संयोग अच्छा रहा कि घर में मौजूद परिवार के सदस्य बच निकले, अन्यथा बड़ी हादसा से इंकार नहीं किया जा सकता था।

अगलगी की घटना गांव के जैयब मियां के घर में हुई है। आग लगने के बाद परिजनों ने शोर मचाने लगे। शोर सुनकर ग्रामीण इकठ्ठा होकर आग पर काबू पाने का भरपूर प्रयास किया। जब आग पर काबू नही हुआ तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना सोनवर्षा ओपी को दिया। सूचना पर ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने ओपी में मौजूद फायर ब्रिगेड वाहन को भेजा। तब जाकर आग पर काबू पाया गया। पर घर में रखे सभी समान जलकर बर्बाद हो गया था। पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि आगलगी में घर मे रखा गया ओढ़ना बिछवना, चौकी, कुर्सी, टेबल, बस्त्र समेत खाने पीने का पूरा सामान जल कर राख हो गया है। जो करीब दो लाख रुपए मूल्य की होगी। पीड़ित ने बताया की इसकी सूचना नावानगर सीओ को दिया गया है।

## कतिकनार ने केसठ को हरा जीती फुटबॉल ट्रॉफी

केटी न्यूज/केसठ

नेहरू युवा केन्द्र बक्सर के तहत संचालित नेहरू युवा विकास समिति केसठ के तत्वावधान में केसठ उच्च विद्यालय के खेल में मैदान में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हो गया। इस दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन केसठ पंचायत सरपंच दुर्गावती देवी ने किया। उन्होंने कहा कि खेल ही एक ऐसा माध्यम है जो युवा वर्ग को एक दूसरे से जोड़ कर रखता हैं। उन्होंने कहा कि इससे भाईचारा मजबूत होता है।



विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित करती केसठ पंचायत सरपंच दुर्गावती देवी

मैच में कतिकनार की टीम ने केसठ को तीन गोल से पराजित कर ट्रॉफी जीती। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका मनोज कुमार एवं सरोज कुमार ने निभाई। वही कबड्डी प्रतियोगिता कुलमनपुर एवं केसठ के बीच खेला गया। जिसमें केसठ की टीम विजयी रही। इसके अलावा दौड़ और कूद की प्रतियोगिता में अमरजीत ने बाजी मारी। 1600 मीटर दौड़ में लड्डू सफल रहे। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन एनवाईवी सोनु कुमार ने किया। मौके पर गणेश कुमार, देवराज साह, रविंद्र आर्य, रामजी कुमार, मदन राउत, सुधीर व अन्य उपस्थित थे।

## केसठ 4 उप राजवाहा नहर की कटाई व सफाई कार्य शुरू

केटी न्यूज/केसठ

प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाला केसठ 4 राजवाहा नहर जो केसठ बंगला गुमटी से होकर आथर महावीर स्थान तक जाता है। इस नहर में कई वर्षो से पानी नहीं आ रहा था। नहर में पानी नहीं आने के चलते क्षेत्र के किसान काफी परेशान रहते हैं। जिस कारण अंग्रेजों के समय के इस नहर का अस्तित्व मिट रहा था। किसानों की शिकायत के बाद जिप अध्यक्ष विद्या भारती ने इस पर संज्ञान लेते हुए सोन अवर प्रमंडल के अधिकारियों को इस नहर की अविलंब खुदाई व सफाई कराने का निर्देश दिया।

उनके निर्देश पर विभाग द्वारा इस राजवाहा का जीर्णोद्धार शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सोन नहर अवर प्रमंडल सिद्धीपुर के कनीय अभियंता पप्पू सिंह ने बताया कि विभाग के निर्देश के आलोक में जिला परिषद विद्या भारती के सौजन्य से 15वीं वित्त आयोग से नहर कटाई व सफाई कार्य शुरू करा दिया गया है। नहर की सफाई हो जाने से क्षेत्र के लोगों की परेशानी दूर हो जाएगी। प्रयास है कि क्षेत्र के लोगों को समुचित रूप से नहर से पानी का लाभ मिल सके।

### धूमधाम से मना डीएवी पब्लिक स्कूल डुमरांव का वार्षिकोत्सव, कार्यक्रम में शामिल हुए प्रख्यात ध्रुपद गायक पंडित अरुण कुमार मिश्र

# अभिभावकों को पश्चिमी सभ्यता-संस्कृति से बच्चों को बचाना होगा: महाराज

- डुमरांव राजघराना के महाराज चंद्र विजय सिंह ने बच्चों की प्रस्तुति को सराहा
- पं. अरुण मिश्र ने कहा भारत की सभ्यता एवं संस्कृति को अपनाएं छात्र

केटी न्यूज/डुमरांव

शनिवार को नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल डुमरांव ने बड़े धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात ध्रुपद गायक पंडित अरुण कुमार मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि महाराज चंद्र विजय सिंह थे। अतिथियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रख्यात ध्रुपद गायक पंडित अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि कहा कि दुनिया की किसी भी अन्य सभ्यता संस्कृति के अपेक्षा भारत की सभ्यता और संस्कृति काफी समृद्ध है। उन्होंने बच्चों से कहा कि सारी भाषा सीख लेना कहीं भी जाना और कहीं भी रहना। लेकिन भारतीय सभ्यता और संस्कृति को कभी मत छोड़ना। पूरी दुनिया में भारत की सभ्यता और संस्कृति सबसे अधिक समृद्ध है। इसे अपनाने वाला हमेशा उच्च स्थान पाएगा।




कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण व विद्यालय के अधिकारी

डुमरांव राजघराना के महाराज चंद्र विजय सिंह ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं भी कभी डीएवी स्कूल का स्टूडेंट रहा हूं। उन्होंने कहा कि बच्चे पश्चिमी सभ्यता और संस्कृति का नकल कर रहे हैं। अभिभावकों को पश्चिमी सभ्यता संस्कृति से बच्चों को बचाना होगा। भारतीय सभ्यता संस्कृति इंसानियत और मानवता की सीख देती है। इससे पूर्व आगत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। छोटे-छोटे बच्चों ने बेहद ही आकर्षक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की। हवन कार्यक्रम के बाद स्कूल के बच्चों ने डीएवी गीत कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके बाद मेरी मां तोहर चिरई योगा डांस चंदा मामा नशामुक्ति गीत सोलो डांस महिषासुर मर्दिनी शिव तांडव आदि जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूल के बच्चों ने गुरु द्रोण की विवशता नामक नाटक का मंचन कर खूब तालियां बटोरी। आगत अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम में स्वागत भाषण विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम सहाय ने किया। इस मौके पर डीएवी एआरओ एके जाना अंजली श्रीवास्तव वाहिनी पति आनंद शिवनारायण जाहा प्रेमचंद त्रिपाठी डॉ. वीरेंद्र कुमार विजय कुमार प्रेमचंद दास एसके दुबे नीशू जायसवाल वीरेंद्र सिंह सनी कुमार कैंब्रिज स्कूल के डायरेक्टर टीएन चौबे व प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह के अलावे विद्यालय परिवार के तमाम शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी विद्यालय के सभी बच्चे एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### चाय दुकानदार की पिटाई कर छीने पैसे

**डुमरांव।** राजगढ़ चौक पर एक चाय दुकानदार की पिटाई कर कैश छीने जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में दुकानदार लालबहादुर राजभर ने दो युवकों के खिलाफ स्थानीय थाने में आवेदन देकर नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मैं सुबह में दुकान पर था, इसी दौरान चंदन साह और सूरज साह नामक दो युवक मेरे दुकान पर आये और चाय पीने लगे। इसके बाद जब चाय का पैसा मांगा तो गाली-गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी ने दो हजार रुपये लेकर चलते बने। वहीं दूसरी ओर इस मामले में चौक निवासी तेतरी देवी ने पुलिस को आवेदन देकर चाय दुकानदार के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए बहादुर राजभर और अमित कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# प्रतियोगिता से खिलाड़ियों का बढ़ेगा उत्साह, करेंगे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन

- गाजीपुर में पांच दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का पुलिस अधीक्षक ने किया शुभारंभ
- 17 से 21 दिसम्बर 2022 तक संचालित होगी प्रतियोगिता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर गोल्ड कप मंडल स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ शनिवार को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने नेहरू स्टेडियम गोराबाजार में मेजर ध्यान चन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। यह प्रतियागिता 17 से 21 दिसम्बर तक संचालित रहेगी। सर्वप्रथम अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी अम्बुज श्रीवास्तव ने उपस्थित मुख्य अतिथि को अंगवत्रम एवं स्मृति चिन्ह के रूप (हॉकी) देकर सम्मानित किया तथा हॉकी खिलाड़ी राजेन्द्र यादव (रेलवे) ने मुख्य अतिथि का बैज लगाकर स्वागत किया। प्रतियोगिता प्रारम्भ होने से पूर्व मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच डीएचए गाजीपुर एवं डीएचए मऊ के मध्य खेला गया। मैच के दौरान निर्धारित समय में दोनों टीमों में काटें की टक्कर रही, जिसमें मुकाबला 01-01 पर बराबरी पर छूटा। जिसमें मऊ की तरफ से 12वें मिनट पर उमाशंकर यादव ने गोल दागा। इसके तत्काल बाद ही जनपद गाजीपुर की तरफ से 15वें मिनट पर राहुल यादव ने गोल करके दोनों टीमों को बराबरी पर ला दिया। मैच के समाप्ति तक दोनों टीमें 01-01 पर ड्रा रही। दोनों टीमों के बीच ट्राईवेकर में जनपद गाजीपुर 05-04 से विजयी रही। प्लेयर ऑफ द टूनार्मेन्ट गाजीपुर के गोलकीपर वीरू को दिया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच शिवकाल भैरव एकेडमी अठगावां सैदपुर एवं विवेक हॉकी एकेडमी वाराणसी के मध्य खेला गया। जिसमें शिवकाल भैरव एकेडमी अठगावां दो-शून्य से विजयी रही।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसपी व अन्य

अठगावा की तरफ से जय हिन्द यादव ने दूसरे एंव नीरज यादव ने 30वें मिनट में गोल दाग कर बढत बनाई। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अजय गुप्ता एवं बृजेश यादव ने निभाई तथा टेक्निकल टेलब पर भारतीय वायु सेना (सेवानिवृ) योगेश सिंह एवं नीरज साहू एंव जावेद अहमद (यूपीपी) उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा अपने सम्बोध में खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत कर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन करने को कहा। अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अम्बुज श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद में कई वर्षो से हॉकी की प्रतियोगिता न होने से हमारा जनपद पीछे हो गया था। इस प्रतियोगिता से खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ेगा, खिलाड़ी अधिक से अधिक मेहनत कर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन करेंगे, इसी उद्देश्य से यह प्रतियोगिता कराई गई है और आगे भी इसी तरह हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिसमें मुख्यतः विवेक सिंह हॉकी एकेडमी वाराणसी, डीएचए मऊ, कमरपुर हॉकी एकेडमी, शिवकाल भैरव स्पोर्टस एकेडमी अठगांवा सैदपुर, डीएचए गाजीपुर सम्मिलित है। इस अवसर पर अरविन्द यादव जिला क्रीडा अधिकारी, ग्यासुद्दीन आजाद, नीरज श्रीवास्तव एडवोकट, नफीस अहमद हाकी कोच, अब्दुल मजीद, राजेन्द्र यादव, संतोष कुशवाहा, सुरजीत सिंह यादव, आमिर अंसारी, देश दीपक श्रीवास्तव, अंसार अहमद, मो शाहिद, सुदेश साहू, सर्वदेव यादव कुश्ती कोच, मो0 कोनैन, मो0 इलियास, संजीव एवं अन्य खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी तथा भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## शहर छोटी खबरें

### डीएम व एसपी ने बूथों का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरिके से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने नगर पंचायत बहादुरगंज के कई बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैम, विद्युत, शौचालय, पेयजल आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए कमियों को दुरूस्त कराने का संबंधित को निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कासिमाबाद एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 19 दिसंबर को लगेगा रोजगार मेला

**बलिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद ने बताया है कि शासन के निदेर्शानुसार जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया द्वारा दिनांक 19 दिसंबर 2022 की तारा निवास गली सतनी सराय भृगु आश्रम स्थित सेवायोजन कार्यालय बलिया पर रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। टेक्निकल क्षेत्र की कंपनी सुब्रोस इण्डिया लिमिटेड नोएडा प्रतिभाग कर रही है। साक्षात्कार के माध्यम से सौ अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। रोजगार मेले में 18 वर्ष से 30 वर्ष के 10वीं, 12वीं स्नातक, आईटीआई में प्रशिक्षित युवा समस्त प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभाग कर सकते है।

### बीडीओ ने किया योजना का उद्घाटन

**बलिया।** क्षेत्र के नारायनपाली गांव में मनरेगा योजनांतर्गत शिवसागर पोखरे से पश्चिम पुलिया तक इंटरलॉकिंग व पोखरे में सीढ़ी निर्माण तथा प्राचीन कुंए के जीर्णोद्धार के कार्य का उद्घाटन खण्ड विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव ने शिलापट्ट का अनावरण व फीता काटकर किया। इन तीनों कार्यों के होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव, पप्पू पांडेय, सतेंद्र, राजू दुबे, मिथिलेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### 18 को होगा शपथ ग्रहण समारोह

**गाजीपुर।** राज्य पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक मंत्री एवं ब्लॉक कोषाध्यक्ष का 18 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह किया जाएगा। प्रदेश कमेटी में सम्मिलित प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह किया जाएगा। जिसमें सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रोशनलाल ने समस्त सफाई कर्मचारियों, पदाधिकारियों, महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्यों, पूर्व पदाधिकारी, सभी कर्मचारीगण से 18 दिसंबर को स्टार पैलेस उपस्थित होने की अपील की।

## बलिया में 'वित्तीय सशक्तिकरण महोत्सव' का हुआ शुभारंभ, खुले 10 हजार खाते

# सुकन्या समृद्धि योजना से आत्मनिर्भर बनेंगी बेटियां, जागरूक हों लोग: पोस्टमास्टर जनरल

- जन सरोकारों से डाक विभाग का है पुराना नाता, डाकघर कर रहे तमाम जनोन्मुखी कार्य
- डाकिया के माध्यम से घर बैठे लोगों को प्राप्त हो रही बैंकिंग की सुविधाएं, आसान हो रही जिंदगी

**केटी न्यूज/बलिया**

डाक विभाग अब पत्र व पार्सलों के साथ-साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुंचा रहा है। वित्तीय सशक्तिकरण और अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका है। एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुद्देशीय बनाया गया है। बचत, बीमा, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, गंगाजल बिक्री, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम जनोन्मुखी सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं।



लाभार्थी बच्चों व लोगों के साथ डाक विभाग के अधिकारी

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से लोगों को घर बैठे बैंकिंग सहित तमाम सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बलिया में आयोजित 'वित्तीय सशक्तिकरण महोत्सव' का शुभारम्भ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। इस दौरान 10,000 से अधिक खाते खोले गए। बेटियों को 'सुकन्या समृद्धि योजना' की पासबुक वितरित करते हुए कहा कि जहां इसके माध्यम से बेटियां आत्मनिर्भर बनेंगी वहीं 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना भी साकार होगी।

**आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं ग्रामीण डाक सेवक :** पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि आकर्षक ब्याज दरों के कारण डाकघर की बचत योजनाएं बेहद लोकप्रिय हैं। इनमें लोग पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित निवेश करते आ रहे हैं। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसानों सहित अन्य तमाम लाभार्थियों के बैंक खातों में आने वाली डीबीटी राशि की निकासी के लिए अब किसी को भी बैंक या एटीएम जाने की जरूरत नहीं, बल्कि घर बैठे ही अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते से डाकिया के माध्यम से निकासी कर सकते हैं। आईपीपीबी में खाता होने पर डाकघर की सुकन्या, आरडी, पीपीएफ, डाक जीवन बीमा में भी ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। अब घर बैठे डाकिया के माध्यम से ही आधार से लिंक मोबाइल नंबर भी अपडेट किया जा सकता है। डाकिया अब घर बैठे पेंशनर्स का जीवित प्रमाण पत्र भी बना रहे हैं, जिसका शुल्क मात्र 70 रुपए निर्धारित है।

**डाक जीवन बीमा के दायरे में किया गया है विस्तार :** पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को 'डाक जीवन बीमा' का लाभ प्राप्त हो सके, इसके लिए डाक जीवन बीमा के दायरे में विस्तार किया गया है। अब केंद्र सरकार व राज्य सरकारों से मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय/संस्था के सभी स्नातक/डिप्लोमा धारक भी डाक जीवन बीमा का लाभ उठा सकेंगे। ग्राहक केंद्रित सेवाओं के विस्तार के क्रम में डाकघरों में कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना से अब एक साथ केंद्र व विभिन्न राज्य सरकारों की 73 सेवाएँ आसानी से मिल रही हैं। डाकघर में एक ही छत के नीचे बचत, बीमा और डिजिटल बैंकिंग उपलब्ध होने से लोगों के पास सुरक्षित निवेश के ढेरों विकल्प मौजूद हैं। डाक विभाग ने अपने खाताधारकों के लिए ई-पासबुक सेवा की शुरूआत की है।

कार्यक्रम में डाक अधीक्षक संजय त्रिपाठी, ग्राम प्रधान जीराबस्ती गुड़िया तिवारी, सहायक डाक अधीक्षक मारुतनंदन, पीके पाठक, अजय कुमार, उपमंडलीय निरीक्षक अंगद कुमार यादव, रविन्द्र कुमार साह, श्रीकान्त पाल, पोस्टमास्टर बलिया प्रधान डाकघर अब्दुल कलाम, कलाम, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सीनियर मैनेजर राजेश कुमार यादव, मैनेजर आलोक कुमार सिंह सहित तमाम अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनमानस ने भागीदारी की।

## एक नजर

### अपर न्यायाधीश ने वृद्धाश्रम का किया औचक निरीक्षण



**बलिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र पाल राणा ने वृद्धाश्रम गड़वार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नरेन्द्र पाल राणा ने आवासीत वृद्धजनों से उनके रहन-सहन व खान-पान के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव द्वारा वृद्धाश्रम में निवासित सभी वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया गया। साथ ही, वृद्धाश्रम गड़वार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि सरकार की तरफ से देश के वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को कम तनावपूर्ण बनाने और उन्हें सशक्त करने के लिये कई अन्य योजनायें संचालित की जा रहीं हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान किया जाना है। इस दौरान विनोद सिंह समाज कल्याण अधिकारी, घनश्याम सिंह अधीक्षक कर्मचारीगण एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।

### डीएम व एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**मऊ।** जनपद के मोहम्मदाबाद गोहना तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने की। उन्होंने पीड़ितों की समस्या सुनते हुए मामलों का निस्तारण करने हेतु संबंधित विभाग को प्रार्थना पत्र देकर गुणवत्ता एवं सत्यता पूर्वक करने के निर्देश दिए। जबकि संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर 121 प्रार्थना पत्रों में से 11 मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने संबंधित विभाग को प्रार्थना पत्र देकर जांचोपरांत मामले का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पुलिस उपाधीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, सम्मुख खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अभिहित अधिकारी समेत जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे

### युवाओं ने पाक विदेश मंत्री का फूंका पुतला




**मऊ।** भाजयुमो रानीपुर मण्डल के मंडल महामंत्री ब्राह्मण मानस शांडिल्य के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकताओं द्वारा रानीपुर ब्लॉक गेट पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। मानस शांडिल्य ने बताया कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टे ने हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जो बेहद शर्मनाक है। मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा ने कहा कि पाकिस्तान के संस्कार विहीन नेता सस्ती लोकप्रियता के चक्कर बार बार अपने बड़बोलेपन का परिचय देते हुए। अनावश्यक बयानबाजी करते रहते है। जिससे पूरे पाकिस्तान की संकृर्ण मानसिकता लोगों के सामने आ जाती है। बिलावल भुट्टो के इस बयान का हम सभी कठोर शब्दों में निंदा करते हैं। वहीं मण्डल अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि हम सब का यह विरोध प्रदर्शन तबतक जारी रहेगा, जबतक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री व विदेशमंत्री हमारे प्रधानमंत्री से माफी नहीं मांग लेते। इस दौरान मण्डल मिडिया प्रभारी मनीष तिवारी, मोहित चौबे, प्रियांशु चौबे, अभय सिंह, रोशन सिंह, पवन कुमार दुबे, गोविन्द कश्यप, दीपक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### पिस्टल के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार



**गाजीपुर।** जनपद में अपराध पर रोकथाम के मद्देनजर पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह सभी वृत्ताधिकारियों व थानाध्यक्षों को अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसके तहत खानपुर पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पिस्टल, देशी तमंचा, कारतूस बरामद किया गया। बता दें कि खानपुर थाने की पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार तीन व्यक्ति को उचौरी पाखीपुर बार्डर के बहदग्राम के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकडे गए व्यक्तियों से नाम -पता पूछा गया, तो उन्होंने अपना नाम नरेंद्र राजभर उर्फ छोटू पुत्र चन्द्रिका राजभर निवासी नसीरपुर थाना सैदपुर (22), भगवानदास पुत्र लालजी राम निवासी दुर्जनपुर थाना सैदपुर (21), कुतुबुद्दीन (22) पुत्र मो0 वकील निवासी ग्राम माहपुर थाना सैदपुर बताया। गिरफ्तार व्यक्तियों की तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल, दो कारतूस, दो तमंचा देशी और दो कारतूस, बरामद हुआ। देशी पिस्टल व तमंचा कारतूस के सम्बन्ध में थाने पर तीनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## 1971 के अमर शहीदों की याद में मनाया विजय दिवस

**केटी न्यूज/बलिया**

टाउन हाल बापू भवन में शुक्रवार को पूर्व सैनिक संगठन के तत्वावधान में 1971 के अमर शहीदों के 51वें स्मृति में आयोजित विजय दिवस समारोह मनाया गया। मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना के तीनों अंगों ने पहली बार संयुक्त अभियान चलाकर पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों बंदी बनाया। इतना ही नहीं अमेरिकी सेना की तात्कालिन आधुनिक पनडुब्बी अजेय को भी धाराशाई कर युद्ध की दिशा बदल दिया। भारतीय सेना 16 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना पर विजय प्राप्त करने में सफलता हासिल किया।

समारोह में प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह के भाई धर्मेंद्र सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने संयुक्त रूप से 1971 के युद्ध में शहीद की पत्नी और पूर्व सैनिकों को अगंवस्त्रम देकर सम्मानित किया। उपस्थित पूर्व सैनिकों ने भारत को विजय दिलाने में अपने प्राणों की बलि देने वाले शहीदों को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया। विजय दिवस समारोह में सुबेदार रामकुमार यादव, सत्यनारायण सिंह अमरसिंह, प्रेमप्रकाश तिवारी राजकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य एजाजुलहक की आठ करोड़ की दो अचल संपत्ति कुर्क

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह के निर्देश पर शनिवार को लखनऊ पहुंची गाजीपुर की पुलिस टीम ने धारा 14 (1) के तहत मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य एजाजुलहक अंसारी की लखनऊ के डालीबाग में मौजूद आठ करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई की।

शासन के निर्देश पर पूरे प्रदेश में माफिया एवं बड़े अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के के तहत क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद एसबी सिंह के नेतृत्व में लखनऊ के डालीबाग में अवैध रूप से अर्जित धन से बनाई गई दो अचल संपत्ति जिसकी कीमत आठ करोड़ है को कुर्क किया गया।



एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि गाजीपुर डीएम के निर्देश पर 14 (1) के तहत कुख्यात अपराधी मुख्तार अंसारी और गैंग के सदस्यों के द्वारा अवैध रूप से धनार्जन कर बनाई गई संपत्ति के खिलाफ गाजीपुर प्रशासन और लखनऊ प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से लखनऊ के डालीबाग स्थित दो अचल संपत्ति जिसकी कीमत 8 करोड़ आंकी गई है को कुर्क किया गया है। बता दें कि अभियुक्त मुख्तार अंसारी एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने, स्वयं तथा अपने गैंग के सदस्यों के लिए आर्थिक तथा भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अकेले एवं सामूहिक रूप से आपराधिक कार्य में संलिप्त था। मुख्तार अंसारी ने अपनी माता राबिया खातून उर्फ राबिया बेगम व अपनी पत्नी फहमीदा अंसारी के नाम से भू संपत्ति क्रय की थी। जिसकी वर्तमान कीमत 8 करोड़ रुपए है। जिसको कुर्क किया गया।

## दी सॉन्ग साइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल जखनियां में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# प्रदर्शनी के माध्यम से बढ़ेगा बच्चों का आत्मविश्वास एवं मनोबल

- विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने दिखाया अपना हुनर
- अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए बढ़ाया उनका उत्साह

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जखनियां में दी सनशाइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन स्कूल प्रबंधन एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेश राजभर भायुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रबंधक विपिन कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उमाशंकर यादव ग्राम प्रधान पारसनाथ पांडेय, सत्येंद्र भारद्वाज की गरिमामई उपस्थिति रही। विज्ञान प्रदर्शनी मेले में विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार राय, उप प्रधानाचार्य प्रेमचंद कुशवाहा अपने स्टाफ एवं अध्यापक व अध्यापिका उपस्थित रहे। विज्ञान प्रदर्शनी के इंचार्ज राकेश गोस्वामी एवं बृजेश यादव रहे। विज्ञान प्रदर्शनी लगाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नई -नई स्किल सीखने को मिलेगी एवं बच्चों द्वारा नए-नए प्रयोगों को करके दिखाया।


प्रदर्शनी का निरीक्षण करते अतिथिगण

भायुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रबंधक विपिन कुमार सिंह ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों का आत्मविश्वास एवं मनोबल में वृद्धि होगी। बच्चों के अंदर उत्साहवर्धन के साथ उनका मानसिक विकास होगा। विज्ञान की सोच पैदा करेगा। हर सेक्टर में उनके दिमाग का विकास होगा। विद्यार्थियों की कल्पना ने मॉडल का रूप धारण किया है। बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा में निखार लाने के लिए ही यह प्रदर्शनी लगायी गयी। इसके माध्यम से विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

वहीं, ग्राम प्रधान उमाशंकर यादव प्रायोगिक विधि से बच्चे किसी भी विषय-वस्तु को स्वयं देखते एवं उसका अनुभव कर पाते हैं। जिससे उनके अंदर विश्वास एवं रचनात्मक कार्य को करने की प्रकृति का विकास होता है। विज्ञान किसी विषय-वस्तु के अध्ययन का क्रमिबद्ध तरीका ही है। ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा का विकास होता है। सभी छात्र-छात्राएं तरह-तरह के अपने हाथों द्वारा बनाई हुई सामग्रियों को स्टाल के माध्यम से दिखाने एवं बताने का कार्य किया। विद्यालय परिवार की तरफ से अध्यापक विवेक सिंह शैलेंद्र प्रजापति शैलेश सिंह शैलेश यादव, संध्या मौर्य, शिव मुनि तिवारी, शशि मौर्या, पूजा सिंह एवं समस्त अध्यापक व अध्यापिका मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं में कार्तिक पांडेय अर्पित पांडेय, अंजू सिंह, अनीता यादव अन्य छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।